शुक्रवार
30 जनवरी 2026
● देहरादून
● वर्ष 34
● अंक 07
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

34 साल से देहरादून का विश्वास

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. : 59626/94

email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# 'टेस्ट हो, सबका हो'

## मेरा व मेरे परिवार का कराया जाये पॉलीग्राफ टेस्टः पाण्डेय

संवाददाता

देहरादून। विधायक अरविंद पाण्डेय ने पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ से मिलकर उनपर दर्ज मुकदमें की सच्चाई के लिए मांग की है कि उनका व उनके परिवार सहित द्वितीय पक्ष का भी पॉलीग्राफ टेस्ट कराया जाये जिससे सच्चाई सामने आ जायेगी।

आज यहां विधायक गदरपुर अरविन्द पाण्डे ने पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ से मिलने के बाद पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि 20 जनवरी को उनके व उनके परिवार के जयप्रकाश तिवारी (बहनोई), देवानंद पाण्डेय (भाई), किशन पाण्डेय, मोहन पाण्डेय (चचेरे भाई) के खिलाफ थाना बाजपुर में झूठे एवं गलत तथ्यों के आधार पर धारा 318(4), 351 (2) भारतीय न्याय सहिंता के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गयी जो कि बेबुनियाद एवं गलत है। कूचटरचित प्रमाण पत्र बनाने व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा भी दर्ज हुआ है। उन्होंने पुलिस महानिदेशक से मांग की है उनके व उनके परिवार के लोगों की जांच हो और दोनों पक्षों (उनका व मुकदमा दर्ज कराने वाले) की पॉलीग्राफ टेस्ट कराया जाये। अगर उनका परिवार दोषी है तो उनको जेल भेज दें। उन्होंने कहा कि यदि शिकायतकर्ता की शिकायत झूठी पायी जाये तो उसके विरूद्ध झूठी शिकायत देने के लिए कानूनी कार्यवाही किया जाना न्यायोचित है जिससे पीडित पक्ष को न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि यह केन्द्र की व्यवस्था है कि अगर किसी राजनेता पर कोई आरोप लगते हैं दो उसकी जांच शीघ्र अति शीघ्र करायी जाये। उन्होंने कहा कि उनके 30 साल के राजनैतिक जीवन में उनपर कोई



आरोप नहीं लगे हैं लेकिर अब जो उनपर मुकदमा दर्ज हुआ है तो उनके व उनके परिवार व मुकदमा लिखाने वाले का पॉलीग्राफ टेस्ट कराया जाये यहीं नही अभिलेखों की जांच करायी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान सुखवन्त सिंह आत्महत्या मामले की भी सीबीआई जांच करायी जाये।

## मनीषा हत्याकांडः 24 घंटे बाद भी खाली हाथ पुलिस

संवाददाता

देहरादून। विकासनगर में ढालीपुर के जंगल में युवती का रक्तरंजित शव मिला था जिसकी पहचान मनीषा के रूप में हुई थी। इस हत्याकाण्ड को मृतका के चचेरे भाई ने अंजाम दिया था। पहचान होने के बाद घटना के 24 घंटे बाद भी पुलिस हत्यारे को पकडने में कामयाब नहीं हो सकी।

उल्लेखनीय है कि गत दिवस प्रातः ग्रामीणं ढालीपुर के जंगल में लकडियां लेने गये तो वहां पर जंगल के अन्दर एक युवती का शव पडे होने से सनसनी फैल गयी और ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। युवती का शव मिलने की सूचना से पुलिस विभाग में हडकम्प मच गया। आनन फानन में एसएसपी अजय सिंह, एसपी देहात पंकज गैरोला, विकासनगर कोतवाल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। मृतका के चेहरे व सिर पर चोटों के निशान मिले। जिसके बाद पुलिस ने आसपास के लोगों से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया तो मृतका की पहचान ढालीपुर निवासी आनंद की पुत्र मनीषा के रूप में हुई। मृतका के परिजन मौके पर पहुंचे और उन्होंने बताया कि मृतका 12वीं कक्षा की छात्रा थी। पुलिस



को शव के पास एक मोटरसाईकिल भी बरामद हुई। पुलिस ने ग्रामीणों व उसके परिजनों से पूछताछ की तो पता चला कि गत दिवस मृतका अपने चचेरे भाई सुरेन्द्र के साथ घर से निकली थी। लेकिन उसके चचेरे भाई का कुछ पता नहीं चला और उसकी मोटरसाईकिल भी मौके पर ही पडी मिली। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि मृतका बोक्सा जाति की थी। तथा उसके चचेरा भाई सुरेन्द्र 30 साल का है तथा जोकि अविवाहित है। जांच में यह बात भी सामने आयी कि सुरेन्द्र के परिवार की एक महिला के साथ नाजायज सम्बन्ध थे। आसपास के लोगों का मानना है कि इन अवैध सम्बन्धों के चलते कहीं इस हत्याकाण्ड को अंजाम दिया गया हो सकता है। क्योंकि मृतका ने कहीं सुरेन्द्र व उक्त महिला को आपत्तिजनक हालत में देख लिया होगा जिसके चलते उसकी हत्या की गयी है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज हत्यारोपी की तलाश शुरू कर दी। घटना के 24 घंटे बाद भी पुलिस हत्यारोपी को पकडने में कामयाब नहीं हो सकी। जबकि हत्यारे की साफ पहचान होने के बाद भी पुलिस उस तक नहीं पहुंच सकी है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# उत्तराखण्ड में वन्य जीवों का खौफ

सर्दियों के मौसम में उत्तराखण्ड राज्य में वन्य जीवों का खौफ लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसा नहीं है कि यह खौफ किसी विशेष क्षेत्र में है गढ़वाल व कुमाऊं मंडल के पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में वन्य जीव व मानव संघर्ष की खबरें लगातार सामने आ रही है। यूं तो पूर्व समय से ही गुलदार, हाथी व टाईगर मानव बस्तियो व गांवो में घुसकर हमले करते रहे है। लेकिन इस वर्ष इन सबके बीच भालू भी कम हिसंक नही रहा है। भालुओं के हमले की खबरे देखकर ऐसा लगता है कि इस साल भालू जो कि हर सर्दियों के मौसम में शीत निद्रा में चला जाता था, नहीं गया और वह पहाड़ी क्षेत्र के गांवों में आंतक का पयार्य बन चुका है। बीते दिनो एक खबर सुर्खियों में थी कि पौड़ी क्षेत्र के एक गांव में जहां पलायन के कारण पहले ही गांव जनविहीन हो चुका था और उसमें एक परिवार निवासरत था वह भी भालू के आंतक के चलते गांव छोड़ने पर मजबूर हो गया। ऐसा नहीं है कि राज्य में इस वर्ष सिर्फ भालुओं के ही हमले बढ़े है इसके अलावा गुलदार व मानव सघर्ष में भी बढ़ोत्तरी देखी गयी है। इस साल पहाड़ी जनपदों में गुलदार द्वारा कई हमलों की घटना को अंजाम दिया जा चुका है। जिसके बाद प्रशासन व वन विभाग द्वारा आंखे खोलते हुए इनमें से कुछ गुलदारों को जहां पकड़ा गया तो वहीं कुछ को शिकारियों की गोंलियो से धराशाही करा दिया गया। कुमाऊं मंडल के जिम कार्बेट पार्क से सटे गांवों में बंगाल टाईगर के आंतक की कहानी खुद स्थानीय लोगों की आंखो में दिखायी देता है। यहां चार दिन पूर्व जगंल में घास लेने गई कुछ महिलाओं पर बंगाल टाईगर द्वारा हमला किया गया जिसमें एक महिला की मौत हो गयी वहीं एक विशिष्ट किस्म के व्यक्ति को भी बंगाल टाईगर का शिकार होना पड़ा था। राज्य में बढ़ते मानव व वन्य जीव संघर्ष को बुद्धीजीवी कई नजरिये से देख रहे है। कुछ इसे जलवायू परिवर्तन का कारण बताते है तो कुछ इसे मानव का जंगल क्षेत्रों में दखलअंदाजी करना मुख्य कारण मानते है। हां यह बात सच है कि राज्य में कुछ वन्य जीव तस्कर जंगलो में घुसकर इन मांसाहारी जीवों का शिकार यानि कि हिरण, काखड़, खरगोश, जंगली मुर्गे आदि कई तरह का शिकार करके इन मासाहारी जीवों के भोजन को खत्म कर रहे है जिससे यह मांसाहारी वन्य जीव आसान भोजन की तलाश में मानव बस्तियों में आ रहे है। सरकार को अब मानव व वन्य जीवों के संघर्ष में कमी लाने के लिए ठोस प्रयास करने की जरूरत है नहीं तो राज्य से पलायन का यह मुख्य कारण कभी समाप्त नही हो सकेगा। इसके लिए चाहे कितने भी पलायन आयोग क्यों न बना लिये जाये?




# माँ की अनोखी दिवाली: 5100 दीयों और 56 भोग के साथ सजेगी 'भावपूर्ण चौकी'

संवाददाता

देहरादून। मां की अनोखी दिवाली मनायी जायेगी जिसमें 5100 दीयों व 56 भोग के साथ भावपूर्ण चौकी सजेगी।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए प्रधान सचिन विज द्वारा बताया गया कि कल, 31 जनवरी 2026, दिन राजधानी के डालनवाला स्थित श्री निवास वेडिंग पॉइंट' (ई.सी. रोड) में एक भव्य और भावपूर्ण माँ की चौकी का आयोजन श्री मां वैष्णो सेवा मंडल देहरादून द्वारा किया जा रहा है। शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक चलने वाले इस भक्तिमय कार्यक्रम में दिल्ली के सुप्रसिद्ध भजन गायक राज सहगल अपनी सुमधुर आवाज में माँ का गुणगान करेंगे। कार्यक्रम की इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहाँ 5100 दीये जलाकर माँ के साथ दिवाली मनाई जाएगी, जो पूरे परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर देगा। 56 भोग का अर्पण: माँ को श्रद्धापूर्वक 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि इस चौकी में न तो कोई रुपया-पैसा चढ़ाया जाएगा और न ही किसी प्रकार की 'रुपये वाली अरदास' होगी। साथ ही, किसी भी प्रकार की झांकी का प्रदर्शन नहीं किया जाएगा। प्रधान सचिन विज के अनुसार, इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य लोगों को अपने धर्म के प्रति जागरूक करना और आज की नई पीढ़ी को यह याद दिलाना है कि पुराने समय में जागरण और चौकी किस सादगी और शुद्ध भाव के साथ आयोजित किए जाते थे। यह आयोजन भक्ति की उसी प्राचीन मर्यादा को पुनर्जीवित करने का एक प्रयास है। आप समस्त भक्तगण इस पावन अवसर पर सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

# जिलाधिकारी ने कांवड़ पटरी मार्ग का किया निरीक्षण

हमारे संवाददाता



हरिद्वार। जिलाधिकारी द्वारा सिडकुल के अधिकारियों, आर एम सिडकुल एवं नगर निगम की टीम के साथ आज कांवड़ पटरी मार्ग (सिंह द्वार से पुल जटवाड़ा की ओर) पर चल रहे सफाई कार्यों एवं किया जा रहे सौंदर्यकरण का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने पुल जटवाड़ा से सिंह द्वार कांवड़ पटरी मार्ग के आसपास बेहतर साफ सफाई का जायजा लिया। साथ ही कई जगह पर बाउंड्री वॉल एवं मार्ग क्षतिग्रस्त हो गए है उसको भी दूरस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कांवड़ पटरी मार्ग एक वैकल्पिक मार्ग भी है जिससे श्रद्धालु हरिद्वार आते है, इस मार्ग को दूरस्त करने एवं सौंदर्यकरण करने के निर्देश दिए ताकि हरिद्वार आने वाले श्रद्धालुओं एवं हरिद्वार वासियों को यहां पर आने में साफ और सुंदर वातावरण मिल सके।

उन्होंने सिंह द्वार पुल के आसपास अतिक्रमण कर लगाई गई फड़, ठेली और अस्थाई दुकानों को तत्काल हटाने के निर्देश दिये। सिंह द्वार से कांवड़ पटरी मार्ग पर सीएसआर के माध्यम से एकम्स कंपनी एवं हीरो कंपनी द्वारा किए जा रहे सफाई अभियान का निरीक्षण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया और एकम्स कंपनी एवं हीरो कंपनी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके द्वारा कांवड़ पटरी मार्ग पर जो सफाई एवं सौंदर्यकरण का कार्य किया जा रहा है उसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि सफाई अभियान में किसी भी प्रकार से कोई शिथिलता न बरती जाए तथा सभी अधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का निरंतर निगरानी करते हुए अपने अपने क्षेत्रों को स्वच्छ एवं क्लीन करे।

इस दौरान सिडकुल के आरएम कमल किशोर कफल्टिया, एकम्स कंपनी के जीएम केडी शर्मा,हीरो कंपनी के एचआर हेड पंकज भट्, हरीश नौटियाल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर स्कूटी सवार की मौत

संवाददाता

देहरादून। अज्ञात वाहन की चपेट में आकर स्कूटी सवार की मौत हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जमनपुर निवासी चांद खान ने सहसपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका बेटा अमीर अपनी स्कूटी से घर की तरफ आ रहा था जब वह रामपुर के पास पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने उसको अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पुलिस उपाधीक्षक ने किया पुलिस लाइन चंबा का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

संवाददाता



टिहरी। पुलिस उपाधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन चम्बा का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण कर जरूरी दिशा निर्देश दिये।

आज यहां पुलिस उपाधीक्षक टिहरी/लाइन द्वारा पुलिस लाइन चंबा का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस लाइन की कार्यप्रणाली, अभिलेखों, रजिस्टरों एवं व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया। शस्त्रागार, सीपीसी, कार्यालय, मेस, जिम एवं मनोरंजन गृह की साफ-सफाई, रख-रखाव एवं व्यवस्थाओं की जांच की गई तथा संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मेस में भोजन की गुणवत्ता व स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए तथा परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। निरीक्षण के अंत में पुलिस उपाधीक्षक द्वारा अनुशासन, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव एवं कार्यकुशलता बनाए रखने हेतु समस्त कार्मिकों का उत्साहवर्धन किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिसार निरीक्षक, पुलिस लाइन चंबा सहित अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 36वें सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत चलाया जागरुकता अभियान

संवाददाता




टिहरी। 36वें सडक सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात पुलिस ने मॉर्डन स्कूल ढालवाला में जन जागरूकता अभियान चलाया।

आज यहां पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक उत्तराखण्ड एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार तथा क्षेत्राधिकारी यातायात के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस द्वारा मॉर्डन स्कूल, ढालवाला (मुनिकीरेती) में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में 150 स्कूली छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों को यातायात संकेत/चिन्ह, ट्रैफिक आई-ऐप तथा सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त मुनिकीरेती क्षेत्र में लगभग 100 वाहन चालकों को बिना हेलमेट, तीन सवारी एवं रिफ्लेक्टर के प्रयोग संबंधी नियमों की जानकारी देकर सड़क सुरक्षा पम्पलेट वितरित किए गए। सड़क केवल रास्ता नहीं, जिंदगी का भरोसा होती है। एक छोटी सी लापरवाही बड़ी दुर्घटना बन सकती है, जबकि नियमों का पालन आपको और आपके परिवार को सुरक्षित रखता है। आइए, यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट पहनें, सुरक्षित चलें और सड़क सुरक्षा को अपनी आदत बनाएं।

# 36 मानसिक दिव्यांगों को प्रमाण पत्र जारी

बागेश्वर(आरएनएस)। बागेश्वर में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार के तहत दिव्यांग शिविरों का आयोजन किया गया। स्वराज भवन में दिव्यांगजनों हेतु विशेष शिविरों का सफल आयोजन किया। इससे पहले 23 जनवरी को भी शिविर लगाया गया। बुधवार को सभी को प्रमाण पत्र जारी किए गए। पूर्व में आयोजित शिविर में ईएनटी (कान-नाक-गला) एवं ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ चिकित्सकों ने परीक्षण किया। शिविर में 247 पंजीकरण प्राप्त हुए, जिनकी जांच के बाद 24 ईएनटी दिव्यांग प्रमाण पत्र, 57 ऑर्थोपेडिक दिव्यांग प्रमाण पत्र दिए गए। बुधवार को आयोजित शिविर में 180 पंजीकरण प्राप्त हुए। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परीक्षण के पश्चात 14 नेत्र, 36 मानसिक तथा 20 ऑर्थोपेडिक दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए गए। शिविर में 14 में से 12 शिकायतों का समाधान बागेश्वर(आरएनएस)। जनपद में प्रशासन को जनता के द्वार तक पहुंचाने के उद्देश्य से गरुड़ ब्लॉक की न्याय पंचायत तिलसारी अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज, सलानी में बुधवार को अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल की अध्यक्षता में बहुउद्देशीय, जनता दरबार शिविर का आयोजन किया। शिविर में 350 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग कर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाया। शिविर में कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 12 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा 18 प्रकार के प्रमाण पत्र जारी किए गए तथा नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं का भी लाभ प्रदान किया गया।

## वैंडर कंपनी पर किसानों से धोखाधड़ी का आरोप

हल्द्वानी(आरएनएस)। क्षेत्र के किसानों ने उद्यान विभाग की ओर से नियुक्त वेंडर कंपनी पर काश्तकारों के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बुधवार को कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत को ज्ञापन सौंपकर कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कुमाऊं कमिश्नर रावत को सौंपे ज्ञापन में बताया गया कि उद्यान विभाग कोलकाता की वेंडर कंपनी के साथ करार किया है। जिसके तहत किसानों ने उद्यान विभाग के माध्यम से इस वेंडर कंपनी को बैंक से एक साल पहले पॉलीहाउस लगाने को रकम जमा की थी। लेकिन वेंडर कंपनी ने अबतक पॉलीहाउस नहीं लगाए हैं। किसान मामले में जिलाधिकारी, उद्यान विभाग और सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करा चुके हैं। मामले में अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। किसानों ने कंपनी पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए किसानों का पैसा वापस दिलाने के साथ ही कंपनी के कार्यों की जांच करने की मांग की। मामले में कमिश्नर ने उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है। ज्ञापन में शिवसेना के कुमाऊं मंडल प्रमुख पूरन चन्द्र भट्ट, जिला सचिव सुरेश टम्टा ने हस्ताक्षर किए थे।

## कर्मचारियों ने गेट मीटिंग कर मांगें जल्द पूरा करने की मांग की

नैनीताल(आरएनएस)। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद नैनीताल की ओर से बुधवार को जिले के दूरस्थ विकासखंड ओखलकांडा में कर्मचारी आंदोलन के प्रथम चरण के तहत गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान सरकार से कर्मचारियों की 18 सूत्रीय मांगों को शीघ्र स्वीकृत किए जाने की मांग की गई। साथ ही सभी कर्मचारियों से आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया गया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए परिषद के जिलाध्यक्ष असलम अली ने कहा कि कर्मचारियों की पुरानी एसीपी, गोल्डन कार्ड से जुड़ी विसंगतियों तथा वेतन विसंगति जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर राज्य सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इससे प्रदेशभर के कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने बताया कि प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर 15 जनवरी से प्रदेशभर में आंदोलन चल रहा है, लेकिन सरकार की ओर से अभी तक कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई, जिससे कर्मचारियों में असंतोष लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि गेट मीटिंग का यह कार्यक्रम 31 जनवरी तक जारी रहेगा। बैठक को संबोधित करते हुए परिषद के वरिष्ठ सदस्य हिमेश रावत ने कहा कि शासन स्तर पर कर्मचारियों की जायज मांगों का सुनियोजित ढंग से निस्तारण करने के बजाय उन्हें लगातार लंबित रखा जा रहा है, जिससे कर्मचारियों में रोष बढ़ रहा है। बैठक का संचालन कृष्ण कुमार ने किया। इस अवसर पर परिषद के दीप चंद्र जोशी, शाहनवाज आलम, भास्कर बिष्ट, सुनील कुमार, दिनेश जोशी, रवि कुमार, राजेंद्र कुमार, रवींद्र बोरा, पंकज पांडे आदि रहे।


### वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# 'नर सेवा-नारायण सेवा' ही सच्ची मानवीय सेवा

कार्यालय संवाददाता

हरिद्वार। ''नर सेवा-नारायण सेवा'' को ही सच्ची मानवीय सेवा का उदाहरण प्रस्तुत करते हुये स्वामी विवेकानंद हैल्थ मिशन सोसायटी द्वारा संचालित स्वामी रामप्रकाश चैरिटेबल हॉस्पिटल के पांच वर्ष पूर्ण होने पर चार दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये गये।




बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यिारी ने सर्वप्रथम रामप्रकाश चैरिटेबल हास्पिटल की पांचवीं वर्षगांठ पर अस्पताल के समस्त स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि डा- संजय शाह के कुशल संचालन में मानव सेवा का जो कार्य किया जा रहा है वह अतुलनीय है। कोरानाकाल के दौरान चिकित्सकों ने लोगों की जान बचाने के लिये रात-दिन एक करते हुये अपनी जान तक की परवाह नहीं की ऐसे चिकित्सकों व मेडिकल स्टाफ की सेवाओं का बखान नहीं किया जा सकता।

इससे पूर्व चिकित्सालय के मेडिकल डायरेक्टर डा. संजय शाह ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुये चिकित्सालय के स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने पर उपस्थित अतिथियों व स्टाफ को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुये विगत पांच वर्षों में चिकित्सालय द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में किये गये कार्यों से अवगत कराने के साथ ही स्वामी विवेकांनद हैल्थ मिशन सोसायटी द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में संचालित किये जा रहे विभिन्न कार्यों का विस्तृत ब्यौरा रखा।

महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेनानंद महाराज ने कहा कि चिकित्सालय अपने नाम के अनुरूप 'नर सेवा-नारायण सेवा' का अनुरण कर रहा है। सुप्रसिद्ध चिकित्सक डा- संजय शाह जो कि समाजसेवा व मानव सेवा को समर्पित हैं और इस चिकित्सालय मे आने वाले पीड़ित व्यक्ति को जिस तरह से ईलाज उपलब्ध करा रहे हैं, ऐसे चिकित्सक आज समाज में कुछेक ही मिलते हैं।

विशिष्ट अतिथि सिडकुल मैन्यूफैक्चरिंग एसोसिशन के अध्यक्ष राज अरोड़ा ने समाजसेवा के क्षेत्र में चिकित्सालय द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुये आश्वस्त किया कि चैरिटेबल चिकित्सालय के संचालन में किसी भी तरह की बाधा नहीं आने दी जायेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मदरहुड यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर प्रो-(डा-) नरेन्द्र शर्मा ने कहा कि डा-संजय शाह के कुशल निर्देशन में चिकित्सालय मानव सेवा की ओर अग्रसर है। इस चिकित्सालय का लाभ अधिक से अधिक लोगो को मिलेगा, ऐसी हम सबकी अपेक्षा है। उन्होंने चिकित्सालय के संचालन में हरसंभव सहयोग का पूर्ण आश्वासन दिया।

# स्टेट हाईवे-9 से जुड़ेगा साझासैंण, पुल का निर्माण पूरा

कोटद्वार(आरएनएस)। साझासैंण गांव को स्टेट हाईवे-9 से जोड़ने के लिए प्रस्तावित पुल का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। दरअसल कार्यदायी संस्था लोनिवि दुगड्डा की ओर से 14 लाख की लागत से पुल का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है लेकिन अभी एप्रोच रोड बननी बाकी है। ग्रामीणों ने एप्रोच रोड का निर्माण जल्द पूर्ण कराने की मांग उठाई है।

ग्राम पंचायत सिमलचौड़ के राजस्व ग्राम साझासैंण के ग्रामीणों की मांग पर वर्ष 2005-06 में तत्कालीन विधायक सुरेंद्र सिंह नेगी ने गांव को धुमाकोट-दुगड्डा मार्ग से जोड़ने के लिए एक किमी सड़क निर्माण के लिए शासन से 55 लाख रुपये का बजट स्वीकृत कराया था। सड़क तो बन गई लेकिन बरसाती नाला आरक्षित वन क्षेत्र में होने के कारण पुल का निर्माण नहीं हो पाया था। बरसाती नाले में पुल न बनने से ग्रामीणों को बरसात में अपने वाहनों को सड़क पर ही खड़ा करना मजबूरी बना था। गांव साझासैंण दुगड्डा रेंज व केटीआर से सटा होने के कारण वन्यजीव बहुल क्षेत्र भी है। वन्यजीवों के हमलों की आशंका को देखते हुए ग्रामीण लगातार पुल बनाने की मांग उठाते आ रहे थे। क्षेत्रीय विधायक रेनू बिष्ट के निर्देश पर तहसील प्रशासन, वन विभाग व लोनिवि की ओर से पुल निर्माण स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया गया था। संयुक्त निरीक्षण के बाद वन विभाग ने पुल निर्माण को हरी झंडी प्रदान की थी। पुल निर्माण के लिए शासन से 14 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत हुई। कार्यदायी संस्था लोनिवि दुगड्डा ने जनवरी, 2025 में पुल का निर्माण कार्य शुरू कराया था। वर्तमान में पुल का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। अभी एप्रोच मार्ग नहीं बना है जिससे ग्रामीणों को पुल का लाभ नहीं मिल सका है। गोपाल सिंह, त्रिलोक सिंह, आत्माराम, महेंद्र सिंह आदि ने लोनिवि दुगड्डा से पुल की एप्रोच रोड जल्द बनवाने की मांग की है।

# पाँच साल से अटकी जमराड़ी-बेलवाल सड़क के समाधान को बैठक आयोजित

अल्मोड़ा(आरएनएस)। आपत्तियों के चलते पिछले पाँच वर्षों से जमराड़ी-बेलवाल गांव सड़क राजकीय प्राथमिक विद्यालय के समीप रुकी हुई है। इस संबंध में लंबे समय से शासन-प्रशासन से पत्राचार किए जाने के बावजूद समाधान नहीं निकल सका। स्थिति को स्पष्ट करने और आगे की राह तलाशने के लिए बेलवाल गांव में राजकीय प्राथमिक विद्यालय परिसर में लोक निर्माण विभाग और ग्रामीणों की संयुक्त खुली बैठक आयोजित की गई।

बैठक का आयोजन ग्राम पंचायत बेलवाल गांव के प्रधान प्रतिनिधि ललित मेहरा और ग्राम पंचायत बबुरिया नायल के प्रधान गोपाल मेहरा की ओर से किया गया। बैठक में लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता और अवर अभियंता मौजूद रहे। भनल गांव, कटौजिया और बबुरिया नायल के ग्रामीणों ने मांग रखी कि जमराड़ी-बेलवाल सड़क से लगभग पाँच सौ मीटर पीछे से हेयरपिन बैंड निकालते हुए नए विकल्प का सर्वे कराया जाए। इस पर विभागीय अधिकारियों ने सर्वेयर के माध्यम से सर्वे कराने की बात कही।

लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता जोशी ने बताया कि तीन किलोमीटर लंबी इस सड़क को लेकर लंबे समय से विवाद बना हुआ है और अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। ऐसे में मौजूदा सड़क को ढाई किलोमीटर तक ही सीमित रखते हुए बबुरिया नायल तक नई सड़क के लिए त्वरित सर्वे कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि बेलवाल रोड का संबंधित हिस्सा पहाड़ी क्षेत्र में डेंजर जोन में आता है, जिस कारण वहां से सड़क काटना तकनीकी रूप से संभव नहीं दिख रहा है। बैठक में मौजूद भैंसियाछाना मंडल अध्यक्ष मंगल रावत और प्रधान गोपाल मेहरा ने ग्रामीणों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा, पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह चौहान, कैलाश शर्मा और विधायक मनोज तिवारी को क्षेत्र की सड़क समस्या से अवगत कराते हुए शीघ्र समाधान के प्रयास किए जाएंगे। क्षेत्र पंचायत पल्यूं के सदस्य चंद्र सिंह मेहरा ने कहा कि किसी एक व्यक्ति की आपत्ति के कारण पूरे क्षेत्र को विकास से वंचित रखना उचित नहीं है। उन्होंने सभी से सामूहिक समाधान की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। बैठक में भनल गांव से सोबन सिंह, देवेंद्र सिंह, सुंदर सिंह, शांति देवी, विमला देवी, कमला देवी और रेवती देवी, कटौजिया से मोहन सिंह, खड़क सिंह, नारायण सिंह, गोविंद सिंह, हरक सिंह, महेंद्र सिंह, त्रिलोक सिंह, चंपा देवी और परुली देवी, बेलवाल गांव से पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य रमेश जड़ौत, पूर्व प्रधान दलीप सिंह, सरिता देवी और महेश जड़ौत तथा बबुरिया नायल से मनोज सिंह, नैन सिंह, अनिल सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मांसपेशियों में उठा दर्द बना देता हैं असहाय, इन नैचुरल तरीकों से मिलेगा आराम

मसल्स अर्थात मांसपेशियां शरीर में बेहद जटिल व्यवस्था के साथ व्यवस्थित रहती हैं जिनमें उठी किसी भी प्रकार की परेशानी आपको असहाय बना सकती हैं। अक्सर देखने को मिलता हैं कि मांसपेशियों में अचानक दर्द होने लगता हैं। चाहे बच्चे हों या बड़े पैरों की मांसपेशियों में असमय दर्द उठ सकता है। कई बार देर तक हेवी वर्कआउट करने, तेजी से दौड़ने, मांसपेशियों में चोट लगने, मसल्स में स्ट्रेस आदि के कारण भी यह दर्द हो सकता हैं। जब दर्द ज्यादा बढ़ जाता है, तो कई लोग पेनकिलर खाना शुरू कर देते हैं। इससे तत्काल दर्द में आराम मिलता है, लेकिन यह दीर्घकालीन उपाय नहीं है। इसलिए आज इस कड़ी में हम आपके लिए कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे लेकर आए हैं जो आपके बेहद काम आ सकते हैं। आइये जानते हैं इनके बारे में..

कैमोमाइल ऑयल

मसल्स में पेन होने पर कैमोमाइल एसेंशियल ऑयल से प्रभावित एरिया की मसाज करें। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो अनिद्रा, मांसपेशियों में ऐंठन, फीवर, सर्दी और फ्लू आदि को आसानी से ठीक करते हैं। इसकी चाय भी बनाकर आसानी से पी जा सकती हैं।

बर्फ की सिंकाई

पैरों की मांसपेशियों में होने वाले दर्द से छुटकारा पाने के लिए आप बर्फ की सिंकाई कर सकते हैं। बर्फ की सिंकाई से मसल्स में अगर अंदरूनी सूजन होगी तो उससे भी आराम मिल जाएगा। आपको पैरों पर बर्फ से 15 से 20 मिनट सिंकाई करनी होगी। सिंकाई के लिए बर्फ का पैक लीजिए या फिर किसी रूमाल या छोटे तोलिया में बर्फ को लपेटकर पैरों पर हल्के हाथ से दबाकर रखिए। आप चाहें तो फ्रोजन मटर के बैग को भी सिंकाई के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।

हल्दी का इस्तेमाल

मांसपेशियों के दर्द में हल्दी भी राहत पहुंचा सकती है। आप इसे लगा भी सकते हैं और खा भी सकते हैं। जिस स्थान पर आपको दर्द हो रहा है, वहां अगर आप हल्दी लगाना चाहती हैं तो आपको हल्दी, चूना, प्याज का पेस्ट और सरसों का तेल मिक्स करके लगा लेना चाहिए और उस स्थान को कपड़े से इस तरह बांध लेना चाहिए कि हवा न लगे। वहीं अगर आप हल्दी का सेवन करना चाहते हैं तो रात में सोने से पहले एक कप दूध में चुटकीभर हल्दी और चुटकीभर कालीमिर्च मिला कर उसका सेवन करें। ऐसा करने भी आपको दर्द में राहत मिलेगी।

सेब का सिरका

सेब का सिरका आपके मांसपेशियों के दर्द को दूर करने के लिए एक और महान उपाय है। इसमें सूजनरोधी और क्षारीय गुण भी होते हैं जो दर्द और सूजन को कम करने में मदद करते हैं। अपने नहाने के टब में सबसे पहले गुनगुना पानी डालें और इसमें दो कप सेब का सिरका मिलाएं। अब इस टब में 15 से 20 मिनट तक बैठे रहें। इस प्रक्रिया का इस्तेमाल रोज़ करें तब तक जब तक कि आपकी मांसपेशियों को आराम नहीं मिल जाता। इसके अलावा आप एक चम्मच सेब का सिरका और एक चम्मच शहद को गर्म पानी में मिलाकर पी सकते हैं। हफ्ते भर के लिए इस मिश्रण का प्रयोग रोज़ाना एक बार ज़रूर करें।

लहसुन

यदि आपको कंधे, पैरों, बांह या शरीर के किसी भी हिस्से की मांसपेशियों में दर्द हो या खिंचाव महसूस हो रहा है, तो आप लहसुन वाले गर्म तेल से मालिश करें। इसके लिए सरसों के तेल में लहसुन की दो-तीन कली डालकर पका लें। इस तेल से दर्द वाली जगह पर मालिश करें। दर्द और खिंचाव कम होने लगेगा। लहसुन में मौजूद एलिसिन तत्व दर्द को कम करती है।

अदरक

आयुर्वेद में अदरक को औषधि माना जाता है। डॉक्टर्स हमेशा बदलते मौसम और कोरोना महामारी के दौरान इम्यून सिस्टम मजबूत करने के लिए अदरक युक्त काढ़ा और चाय का सेवन करने की सलाह देते हैं। अदरक सूजन विरोधी रूप में कार्य करता है और रक्त परिसंचरण और रक्त प्रवाह को बेहतर बनाता है। इसके सेवन से मांसपेशियों के दर्द में भी आराम मिलता है। एक शोध में यह खुलासा हुआ है कि मांसपेशियों के दर्द में अदरक का सेवन फायदेमंद होता है। इसके लिए अदरक को पेन किलर भी कहा जाता है।

पुदीना

पुदीना शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। ये खाने का स्वाद बढ़ाने के साथ मांसपेशियों के दर्द को भी कम करता है। पुदीना में एंटीस्पास्मोडिक और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो संकुचन के दौरान मांसपेशियों को आराम देते हैं और जिससे दर्द दूर होता है। इसकी चाय बनाकर पी सकती है या एसेंशियल ऑयल से मसाज करें।

रोज़मरी

ताज़ा और सूखे रोजमेरी की पत्तियों में सूजनरोधी गुण होते हैं जो मांसपेशियों की सूजन और दर्द से जल्द रहत दिलाने में मदद करते हैं। इसके लिए आठ कप पानी में तीन मुट्ठी सूखे रोजमेरी की पत्तियों को डालें। अब उसे उबलने के लिए रख दें। उबलने के बाद उसे आंच पर से हटा दें और 20 मिनट तक ऐसे ही छोड़ दें। इस मिश्रण को अपने प्रभावित क्षेत्रों पर 15 मिनट के लिए लगाकर रखें। मिश्रण का उपयोग पूरे दिन में दो से तीन बार ज़रूर करें। (आरएनएस)

# पाइनएप्पल का दैनिक तौर पर सेवन सेहत के लिए फायदेमंद



शरीर को स्वस्थ और फिट बनाए रखने के लिए फलों का सेवन बहुत जरूरी होता हैं जिनमें मौजूद पोषक तत्व शरीर को कई तरह के फायदे पहुंचाने का काम करते हैं। ऐसा ही एक फल हैं पाइनएप्पल अर्थात अनानास जो एक स्वादिष्ट और स्वस्थ फल है। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स, कैल्शियम, फाइबर विटामिन सी, विटामिन बी6, विटामिन के, विटामिन बी1 (थायमिन), कॉपर, फोलेट, पोटैशियम, मैग्नीशियम, आयरन और मैंगनीज जैसे कई न्यूट्रिएंट्स मौजूद होते हैं। दैनिक तौर पर इसका सेवन करना आपके लिए चमत्कारी साबित हो सकता हैं। आज इस कड़ी में हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह पाइनएप्पल का सेवन सेहत को फायदा पहुंचाने का काम करेगा। आइये जानते हैं इसके बारे में...

मजबूत पाचन तंत्र

रोजाना अगर आप सुबह सुबह ब्रेकफास्ट में अनानास यानी पाइनएप्पल का जूस पीते हैं तो इससे आपका पाचन तंत्र काफी मजबूत होता है। यह आपका खाना पचाने में काफी ज्यादा मदद करता है। जिन लोगों को खाना पचाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है वो कई तरह की दवाइयां और घरेलु नुस्खे भी इस्तेमाल करते हैं। पाइनएप्पल का सेवन करने से सिर्फ पाचन ही नहीं बल्कि इसके साथ ही गैस, एसिडिटी, अपच और आपको कब्ज जैसी बीमारियों को दूर रखता है। साथ ही अनानास का जूस पीने से आपको भूख भी ज्यादा लगती है।

स्किन प्रॉब्लम्स से छुटकारा

पाइनएप्पल स्किन के लिए बहुत फायदेमंद है। पाइनएप्पल में विटामिन-सी, एंटीऑक्सीडेंट्स और बीटा-कैरोटीन जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो स्किन के लिए फायदेमंद हैं। पाइनएप्पल का जूस पीने से कील, मुंहासे और एंटी एजिंग की परेशानी दूर हो जाती है। पाइनएप्पल में मौजूद गुण स्किन को ग्लोइंग और मुलायम बनाते हैं। पाइनएप्पल का जूस पीने से स्किन टैनिंग की परेशानी भी दूर हो सकती है।

कोलेस्ट्रॉल लेवल को करे कम

हाई कोलेस्ट्रॉल की वजह से आर्टरीज में फैट जमा होने लगता है, जो हार्ट अटैक, स्ट्रोक, डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर का कारण बन सकता है। कोलेस्ट्रॉल को कम करने में सिट्रस फ्रूट्स मदद कर सकते हैं, जिसमें अनानास एक बेहतर ऑप्शन को सकता है। अनानास में विटामिन सी और ए अधिक मात्रा में होते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करते हैं। ये फल विटामिन, फाइबर और प्रोटीन तत्वों से भरपूर होता है, जिसके सेवन से ब्लड में मौजूद कोलेस्ट्रॉल को कम किया जा सकता है।

हड्डियों के लिए फायदेमंद

अनानास का जूस पीना हड्डियों के लिए फायदेमंद माना जाता है। हड्डियों की मजबूती के लिए अनानास का सेवन कर सकते हैं, क्योकि इसमें मिनरल्स और विटामिन के गुण भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो हड्डियों कों मजबूत बनाने में मदद कर सकते हैं।

इम्यूनिटी बढ़ाए

पाइनएप्पल सर्दी-जुकाम जैसी बीमारियों से शरीर को दूर रखता है। इसमें मौजूद विटामिन सी इम्यूनिटी बढ़ाने का काम करता है। पाइनएप्पल का जूस पीने से ऐसी बीमारियों का खतरा दूर हो जाता है। पाइनएप्पल में ब्रोमेलेन मौजूद होता है जो संक्रमण से लड़ने का काम करता है।

वजन कम करे

पाइनएप्पल का जूस पीकर वजन कम किया जा सकता है। पाइनएप्पल के जूस में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स मौजूद होते हैं जो वजन को कम करने में मदद करते हैं। ये जूस नाश्ते में शामिल कर वजन कम कर सकते हैं।

ब्लड क्लॉट बनने से रोके

हाई ब्लड प्रेशर के कारण शरीर में ब्लड सर्कुलेशन काफी कम हो जाता है, जिस वजह से ब्लड में क्लॉट बनने का खतरा अधिक बढ़ जाता है। अनानास एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इनफ्लेमेटरी तत्वों से भरपूर होता है, जो ब्लड में क्लॉट बनने से रोकता है। इसे ताजा काटकर या जूस के रूप में लिया जा सकता है।

फाइबर से भरपूर

मुख्य रूप से, पाइनएप्पल फाइबर से भरपूर होता है। फाइबर आपकी बॉडी के लिए एक महत्वपूर्ण पोषक तत्व होता है जो हमारे शरीर के लिए बेहद जरूरी होता है। इसके अलावा, पाइनएप्पल में विटामिन सी, विटामिन ए, पोटैशियम, कैल्शियम और अन्य पोषक तत्व भी मौजूद होते हैं। इसलिए, पाइनएप्पल खाने से हमारे शरीर को कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। ये आपकी बॉडी से कई तरह के टॉक्सिन्स निकाल देता है। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -026

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | 8 | ■ | 9 | | | |
| ■ | ■ | 10 | | 11 | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | ■ | ■ | 13 | | | ■ | 14 | 15 |
| 16 | 17 | ■ | ■ | | ■ | 18 | | |
| 19 | | 20 | | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 21 | | | |
| ■ | 22 | | | | | ■ | ■ | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 25 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | दृदो | जे | ह | द | ■ | स | पू | त |
| ल | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | ■ | द |
| म | ह | क | ■ | खा | म | खां | ■ | बी |
| ग्न | ■ | त | ल | ना | ■ | स | फ | र |
| ■ | म | रा | ■ | ■ | ■ | ना | टा | ■ |
| ■ | हि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | फ | न |
| ■ | ला | ज | वा | ब | ■ | म | ट | र |
| मां | ■ | ग | ■ | सं | त | ति | ■ | भ |
| ■ | मा | त | ह | त | ■ | ■ | प | क्षी |

# संदीप वांगा ने दिल दिया का बोल्ड फर्स्ट लुक जारी किया

स्पिरिट के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने के. क्रांति माधव की फिल्म दिल दिया - अ नेकेड ट्रुथ का टाइटल और फर्स्ट-लुक पोस्टर लॉन्च किया, दिल दिया - अ नेकेड ट्रुथ फिल्म के टाइटल और फर्स्ट-लुक पोस्टर के रिलीज के साथ ही यह फिल्म सुर्खियों में आ गई है। यह आगामी फिल्म के लिए पहला सार्वजनिक कदम है। स्पिरिट के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा द्वारा जारी किए गए इस पोस्टर ने फिल्म जगत में शुरुआती दिलचस्पी जगा दी है और फिल्म के रिलीज के लिए मंच तैयार कर दिया है। श्रीयस चित्रा - पूर्णा नायडू प्रोडक्शन बैनर के तहत पूर्णा नायडू द्वारा निर्मित और के. क्रांति माधव द्वारा लिखित और निर्देशित यह फिल्म भावनात्मक संघर्ष और व्यक्तिगत संबंधों पर आधारित एक समकालीन ड्रामा है।

के. क्रांति माधव की फिल्म दिल दिया - अ नेकेड ट्रुथ उनकी उस शैली को आगे बढ़ाती है जो भावनात्मक संवेदनशीलता और संयमित कथा शैली से परिपूर्ण है। वर्षों से, उन्होंने सतही नाटक के बजाय मानवीय कमजोरियों को गहराई से छूने वाली कहानियों के लिए ख्याति अर्जित की है। ओनामालू, मल्ली मल्ली इदि रानी रोजू और वर्ल्ड फेमस लवर जैसी फिल्मों में प्रेम, नैतिक दुविधाओं, भावनात्मक टूटन और आंतरिक संघर्ष में उनकी रुचि झलकती है। दिल दिया - अ नेकेड ट्रुथ के साथ, वे इसी तरह के भावनात्मक क्षेत्र में लौटते हैं, इस बार जुनून, असफलता, अंतरंगता और आत्मसम्मान से प्रेरित एक अधिक प्रत्यक्ष और समकालीन दृष्टिकोण से।

फिल्म में चैतन्य राव मदादी, इरा, सखी और जेस्सी मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि मणि चंदना, प्रमोदिनी और वीरा शंकर ने सहायक भूमिकाओं में उनका साथ दिया है। कलाकारों का चयन फिल्म के यथार्थवादी कथानक को दर्शाता है, जिसमें स्वाभाविक और जीवंत अभिनय को प्राथमिकता दी गई है। नाटकीयता पर ज़ोर देने के बजाय, कहानी कहने का तरीका पात्रों के आपसी संवाद और परिणामों के माध्यम से भावनाओं को स्वाभाविक रूप से उभरने देता है। फिल्म का पहला पोस्टर संयमित लेकिन प्रभावशाली ढंग से फिल्म की भावनात्मक दुनिया की झलक पेश करता है। सरल डिजाइन और दिखावे से मुक्त यह पोस्टर संवेदनशीलता, विरोधाभास और आंतरिक उथल-पुथल का संकेत देता है। पोस्टर फिल्म के मुख्य विषयों को स्पष्ट रूप से बताने के बजाय, व्यक्तिगत सच्चाई से प्रेरित एक अंतर्मुखी कहानी का सुझाव देता है। यह दृश्य शैली क्रांति माधव की फिल्म निर्माण शैली से पूरी तरह मेल खाती है, जहां भावनात्मक स्पष्टता और ईमानदारी को दिखावटी तमाशे से अधिक महत्व दिया जाता है। पूर्णा नायडू द्वारा निर्मित और श्रीकांत वी के सह-निर्माता के रूप में, दिल दिया - अ नेकेड ट्रुथ को एक मजबूत और अनुभवी तकनीकी टीम का समर्थन प्राप्त है। पीजी विंदा ने छायांकन किया है, जिससे एक अंतरंग लेकिन सिनेमाई दृश्य अनुभव प्राप्त होने की उम्मीद है। संगीत फानी कल्याण ने तैयार किया है, जबकि संपादन रा-शा (रवि - शशांक) ने किया है। चिन्ना ने प्रोडक्शन डिज़ाइन का निरीक्षण किया है, धानी ऐले ने प्रचार डिज़ाइन संभाला है, स्टार सर्कल ने डिजिटल मार्केटिंग का प्रबंधन किया है, और प्रचार का नेतृत्व एसके नायडू और फानी कंडुकुरी (बियॉन्ड मीडिया) ने किया है। भावनात्मक गहराई से सजी एक युवा प्रेम कहानी के रूप में प्रस्तुत, दिल दिया - अ नेकेड ट्रुथ आधुनिक रिश्तों का एक ईमानदार और बेबाक चित्रण पेश करने का लक्ष्य रखती है। आदर्शवादी रोमांस से परे जाकर, यह फिल्म भावनात्मक जटिलता और व्यक्तिगत परिणामों से सीधे तौर पर जुड़ती है, और समकालीन तेलुगु सिनेमा में अंतरंगता की नई परिभाषा तलाशने का प्रयास करती है। निर्देशक के स्पष्ट दृष्टिकोण, मजबूत रचनात्मक समर्थन और शीर्षक एवं फर्स्ट-लुक के अनावरण के बाद मिली शुरुआती गति के साथ, दिल दिया - ए नेकेड ट्रुथ को एक नए बॉक्स-ऑफिस पैटर्न के रूप में स्थापित किया जा रहा है, जो 2026 की गर्मियों में सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

# धनुष के फैंस को तोहफा, मेकर्स ने शेयर किया डी54 का टाइटल रिवील

धनुष की अगली फिल्म को लेकर अटकलें थीं, इसका नाम डी54' हो सकता है। मेकर्स ने फिल्म का टाइटल रिवील कर दिया है। फिल्म का पोस्टर रिलीज हुए टाइटल भी सामने आ चुका है। पोस्टर में धनुष का लुक भी काफी अलग नजर आ रहा है। फिल्म को डायरेक्टर विग्नेश राजा बना रहे हैं।

धनुष की फिल्म का पहला पोस्टर सामने आया है। इसके साथ फिल्म का टाइटल लिखा है। धनुष की फिल्म का नाम कारा' होगा। पोस्टर में उनका लुक भी काफी अलग है, वह काफी इंटेंस लुक में दिख रहे हैं। हाथ में हथियार है और चारों तरफ आग लगी है। इससे लगता है कि फिल्म में जबरदस्त एक्शन दर्शकों को देखने को मिलेगा।

धनुष की फिल्म कारा' का पोस्टर मकर संक्राति और पोंगल के त्योहार के मौके पर रिलीज किया गया। धनुष और मेकर्स ने फैंस को इन त्योहारों पर शुभकामनाएं भी दी हैं। इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है, इन दिनों पोस्ट प्रोडक्शन पर काम चल रहा है। फिल्म का म्यूजिक पराशक्ति मूवी के म्यूजिक कंपोजर जीवी प्रकाश कुमार ने दिया है। कहानी को डायरेक्टर विग्नेश ने ही लिखा है।

फिल्म कारा' में धनुष एक्शन करते नजर आएंगे। वहीं पिछले साल रिलीज हुई इडली कढ़ाई' में वह एक इमोशनल स्टोरी का हिस्सा बने। वहीं फिल्म तेरे इश्क में' उनका इंटेंस रोमांस दर्शकों को देखने को मिला। इस तरह वह अलग-अलग जॉनर में अभिनय करके दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब रहे हैं।

# कभी दो शब्द बोलने में भी कतराते थे ऋतिक रोशन, आज बॉलीवुड के हैं ग्रीक गॉड'



बॉलीवुड के ग्रीक गॉड' ऋतिक रोशन हिंदी सिनेमा के बड़े सितारों में गिने जाते हैं। डांस, एक्टिंग और दमदार लुक के चलते उन्होंने लाखों फैंस के दिलों पर राज किया है। लेकिन कम ही लोग जानते हैं कि इस चमक-दमक के पीछे उनका एक लंबा संघर्ष छिपा है।

ऋतिक बचपन में हकलाने की समस्या से जूझते थे। छोटे-छोटे शब्द बोलना उनके लिए इतना मुश्किल था कि वे अक्सर अपने आपको अकेले में बाथरूम या अलमारी में बंद कर लेते थे। लेकिन उन्होंने मेहनत और लगन से अपनी मुश्किलों को मात दी।

ऋतिक रोशन का जन्म 10 जनवरी 1974 को मुंबई में हुआ था। वे एक फिल्मी परिवार से आते हैं। उनके पिता राकेश रोशन बॉलीवुड के मशहूर डायरेक्टर और निर्माता हैं, जबकि उनकी मां पिंकी रोशन गृहिणी हैं। उनके दादा रोशनलाल नागरथ संगीतकार थे और उनके चाचा राजेश रोशन भी संगीत में सक्रिय रहे। ऐसे परिवार में पैदा होने के बावजूद ऋतिक का बचपन आसान नहीं था।

ऋतिक को बचपन से ही हकलाने की समस्या थी। स्कूल के समय उन्हें बोलने में मुश्किल होती थी। कई बार उनका मजाक भी बनाया जाता था। लेकिन ऋतिक ने हार नहीं मानी। उन्होंने अपनी इस कमजोरी को दूर करने के लिए रोजाना अखबार पढ़ने की आदत डाली। हिंदी, अंग्रेजी और उर्दू अखबार पढ़कर उन्होंने धीरे-धीरे बोलने की क्षमता बढ़ाई। इससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा और वह हकलाने की बीमारी पर काबू पाने में सफल हुए।

ऋतिक ने 10 साल की उम्र में ही चाइल्ड एक्टर के तौर पर काम करना शुरू कर दिया। वे रजनीकांत की फिल्म भगवान दादा' में नजर आए। उस समय वे छोटे थे, लेकिन बड़े सितारों के साथ काम करने का अनुभव उन्हें सीखने का मौका देता रहा।

बॉलीवुड में ऋतिक का असली डेब्यू 2000 में फिल्म कहो नाज् प्यार है' से हुआ। इस फिल्म ने उन्हें रातों रात स्टार बना दिया। इस सफलता के बाद ऋतिक के पास लगातार फिल्मों के ऑफर्स आने लगे। हालांकि पहली फिल्म की ब्लॉकबस्टर सफलता को बनाए रखना उनके लिए आसान नहीं था। ऋतिक की कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर वैसा करिश्मा नहीं कर सकीं, लेकिन उनका क्रेज कभी कम नहीं हुआ। युवा चॉकलेटी चेहरे, दमदार बॉडी, डांस और स्टाइल ने उन्हें यूथ आइकन बना दिया था। सलमान खान के बाद ऋतिक रोशन ने 2000 के दशक में युवाओं में फिटनेस को पैशन तक पहुंचा दिया था। उन्होंने रोमांटिक, एक्शन और ड्रामा, हर तरह के किरदार निभाए। उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें दर्शकों के बीच अलग पहचान दिलाई। ऋतिक को कई पुरस्कार भी मिले। उन्होंने बेस्ट डेब्यू, बेस्ट एक्टर, और बेस्ट डांसर जैसे कई अवॉर्ड्स जीते। उनकी धूम 2', कृष', जिंदगी ना मिलेगी दोबारा', और सुपर 30' जैसी फिल्मों ने सफलता दिलाई। भले ही ऋतिक के करियर और निजी जीवन में उतार-चढ़ाव आए, लेकिन उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें सिर्फ फैंस ही नहीं, बल्कि इंडस्ट्री में भी सम्मान दिलाया है।

# हैप्पी पटेल - खतरनाक जासूस में रूपा का किरदार निभाना रहा मुश्किल: मिथिला पालकर



त्रिभंगा, कारवां और चॉपस्टिक जैसी फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री मिथिला पालकर के हाथ बड़ा प्रोजेक्ट लगा है। अब मिथिला वीर दास और आमिर खान के साथ काम कर खुद को लकी महसूस कर रही हैं। अभिनेत्री मिथिला पालकर ने आईएएनएस से खास बातचीत में फिल्म से जुड़े अनुभव शेयर किए और ये भी बताया कि आमिर खान के साथ काम करना कैसा लगा। हैप्पी पटेल- खतरनाक जासूस में मिथिला पालकर ने महत्वपूर्ण रोल प्ले किया है। फिल्म को हां करने के सवाल पर अभिनेत्री ने कहा कि न करने का सवाल ही पैदा नहीं होता है क्योंकि ये मेरे करियर की पहली कॉमेडी फिल्म है और फिल्म से इतने बड़े लोग जुड़े हैं, जिन्होंने अपने करियर में कमाल किया है। फिल्म आमिर खान के प्रोडक्शन में बन रही है और मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

फिल्म हैप्पी पटेल- खतरनाक जासूस में अपने किरदार पर बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि फिल्म मेरे लिए भी बहुत अलग है। फिल्म में मेरा बोलने का तरीका, चलने का तरीका बिल्कुल अलग है। इस फिल्म के लिए मुझे खुद को अलग नजरिए से परखने का मौका मिला है।

फिल्म में मिथिला ने रूपा नाम की बोल्ड और बिंदास लड़की का रोल प्ले किया है। सेट पर शूटिंग के समय मिथिला को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ा क्योंकि कॉमेडी उनके लिए नया जॉनर है।

उन्होंने कहा कि रूपा का किरदार निभाना मुश्किल रहा क्योंकि रूपा बोल्ड और बिंदास है, उसकी अलग दुनिया है और शूटिंग के दौरान अपशब्दों से भरे वाले डायलॉग्स मुश्किल रहे। सबसे ज्यादा मुश्किल था वीर को थप्पड़ मारना, क्योंकि रूपा एक ऐसा किरदार है जिसके अंदर गिल्ट नहीं है।

उन्होंने आगे बताया कि सेट पर वीर को थप्पड़ मारना था और गिल्ट भी महसूस नहीं करना था। चेहरे के एक्सप्रेशन बदलने भी काफी मुश्किल थे क्योंकि सीन कॉमेडी से भरे थे। लेकिन, वीर ने काफी मदद की थी। उन्होंने कहा था कि तुम सब अपनी लाइनों के साथ खेलो, कॉमेडी खुद-बा-खुद आ जाएगी।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने किया पुलिस लाइन का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

अल्मोड़ा(आरएनएस)। अपर पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा हरबंस सिंह ने पुलिस लाइन अल्मोड़ा का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। बुधवार को निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस लाइन की व्यवस्थाओं, संसाधनों और जवानों की कार्यप्रणाली का गहन अवलोकन किया।

निरीक्षण की शुरुआत क्वार्टर गार्ड से हुई, जहां उपस्थित जवानों ने सलामी दी। बेहतर टर्नआउट और साज-सज्जा के लिए क्वार्टर गार्ड में तैनात जवानों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत किया गया। इसके बाद जवानों से शस्त्रों की हैंडलिंग, खोलने-जोड़ने का अभ्यास कराया गया तथा शस्त्रों से संबंधित जानकारी ली गई।

शस्त्रागार में राजकीय संपत्ति सूची के अनुसार उपलब्ध सभी हथियारों और एम्युनिशन का भी निरीक्षण किया गया। इसके पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया।

इस दौरान जीडी और गणना कार्यालय, कैश कार्यालय, यातायात कार्यालय, मनोरंजन कक्ष, परिवहन शाखा, उपलब्ध वाहनों, स्टोर प्रथम एवं द्वितीय, व्यायामशाला, भोजनालय, राशन शॉप, सीपीसी कैंटीन, कर्मचारी बैरक और पुलिस लाइन परिसर की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

संबंधित शाखा प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही आवासीय परिसर का निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त आवासों की समयबद्ध मरम्मत के निर्देश प्रतिसार निरीक्षक को दिए गए।

निरीक्षण के दौरान प्रतिसार निरीक्षक को जवानों की क्रमबद्ध ड्यूटी लगाए जाने के निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक ने जवानों को गार्ड, वीआईपी, संस्थान सुरक्षा, एस्कॉर्ट और मुल्जिम ड्यूटियों का निर्वहन सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक रमेश चंद्र, लाइन मेजर सहित विभिन्न शाखाओं के प्रभारी और अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

## वन भूमि अधिनियम के फेर में फंसी कफनौल की पेयजल योजना

नई टिहरी(आरएनएस)। जल जीवन मिशन के तहत पांच करोड़ की लागत से बन रही कफनौल गांव की पेयजल योजना वन भूमि अधिनियम के पेच की वजह से आगे नहीं बढ़ पा रहा है। वन स्वीकृति नहीं मिलने से पेयजल योजना का कार्य दो वर्षों से बंद पड़ा है। गांव के लोग पुरानी पेयजल व्यवस्था से काम चला रहे हैं। पुरानी पेयजल लाइन पर पानी की मात्रा कम होने से गांव में अधिकांशत: पेयजल किल्लत बनी रहती है। जल जीवन मिशन के तहत कफनौल गांव के ४०० परिवारों की पेयजल आपूर्ति के लिए जल जीवन मिशन के तहत पांच करोड़ की लागत से रूपनौल स्रोत से सात किमी लंबी पाइप लाइन बिछाई जानी थी जो बन स्वीकृति नहीं मिलने से बंद पड़ी हुई है। पेयजल योजना की स्वीकृति से ग्रामीणों को उम्मीदें जगी थी कि अब उन्हें पेयजल संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा लेकिन दो वर्ष बाद भी ग्रामीणों को नई योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कार्यदायी संस्था पेयजल निर्माण निगम की ओर से प्रथम फेज के कार्य में पेयजल कनेक्शन भी बांटे गए हैं जिन पर पुरानी योजना का पानी चल रहा है। पेयजल निर्माण निगम उत्तरकाशी के ईई मधुकांत कोटियाल का कहना है कि वन स्वीकृति न मिलने से योजना का कार्य रुका है। प्रथम फेज का कार्य पूरा हो चुका है। नोडल से कुछ आपत्ति लगी थी जिसका जवाब बना कर भेज दिया है। वन स्वीकृति मिलने पर ही योजना का कार्य शुरू किया जाएगा।

## सीसीटीवी कैमरों से रखी जाएगी कूड़ा फेंकने वालों पर नजर

नई टिहरी(आरएनएस)। नगर पालिका नई टिहरी में नगर क्षेत्र में घरों का कूड़ा फेंकने वाले लोगों पर सीसीटीवी कैमरों की मद्द से नजर रखी जा रही है। पालिका ने नगर क्षेत्र में 15 ऐसे संभावित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाएं हैं जहां लोग अक्सर कूड़ा फेंक देते हैं। नगर पालिका नई टिहरी ऐसे लोगों पर सीसीटीवी कमरों से नजर रख रही हैं, जो अक्सर घरों का कूड़ा इधर-उधर फेंक देते हैं। पालिका की ओर से नई टिहरी बाजार के समीप , प्रेस क्लब के पास, 9 सी बौराड़ी में दो स्थानों पर, नई टिहरी-बौराड़ी सड़क पर छमुंड के पास, आंचल डेयरी के समीप, ढुंगीधार के दो स्थानों के साथ नगर के विभिन्न जगहों पर सौर ऊर्जा से चलने वाले 15 सीसीटीवी कैमरे लगाएं हैं। सभी कैमरों को पालिका कर्मियों के मोबाइल से जोड़ा गया है। नगर पालिका के सफाई निरीक्षक प्रीतम सिंह नेगी ने बताया कि लोग रात को घरों से कूड़ा लाकर इधर-उधर फेंक देते हैं। सौर ऊर्जा से चलने वाले इन सीसीटीवी कैमरों को आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान पर लगाएं जाने की सुविधा है। कैमरों की मद्द से कूड़ा फेंकने वाले की पहचान कर उन पर जुर्माने का प्रावधान रखा गया है। पालिका की ओर नगर को स्वच्छ बनाएं रखने के लिए नाम बताओ-इनाम पाओ योजना संचालित की हुई है।

## केदारनाथ धाम में जवानों ने बर्फ हटाकर खोला रास्ता

रुद्रप्रयाग(आरएनएस)। केदारनाथ में शीतकाल के दौरान कठिन चुनौतियों के बीच उत्तराखंड पुलिस और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के जवान धाम में कड़ी सुरक्षा में लगे हुए हैं। इन दिनों धाम में तापमान माइनस 16 डिग्री तक पहुंच गया है। वहीं इन कठिन परिस्थितियों में भी आईटीबीपी और पुलिस के जवान अपना कर्तव्य निभा रहे हैं। बीते दिनों यहां बर्फबारी हुई अब फिर से मंगलवार को यहां अच्छी बर्फबारी हुई तो करीब पांच फीट तक बर्फ जम गई।

## गांवों में कानून व्यवस्था बनाने को ग्राम प्रहरियों से लिया फीड बैक

चमोली(आरएनएस)। ग्रामीण क्षेत्रों में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने व अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए एसपी के निर्देश पर सभी थाना व चौकियों में ग्राम प्रहरियों के साथ दो दिवसीय बैठक आयोजित की गई। साथ ही उन्हें किसी भी गैरकानूनी गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने के निर्देश दिए गए। एसपी सुरजीत सिंह पंवार ने पुलिस आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सभी थाना चौकियों में ग्राम प्रहरियों के साथ बैठक कर फीडबैक लेने के निर्देश दिए। इसके तहत थाना व चौकी प्रभारियों ने ग्राम प्रहरियों से उनके क्षेत्र से संबंधित अपराध, विवाद, संदिग्ध गतिविधि सहित अन्य तरह की जानकारी हासिल की। संदिग्ध गतिविधियों व असामाजिक तत्वों की सूचनाएं एकत्रित की गई। साथ ही प्रहरियों को निर्देश दिए गए कि किसी भी तरह की अवैध गतिविधि, संदिग्ध व्यक्ति, नशा, घरेलू विवाद, अपराध या अन्य सामाजिक समस्या की सूचना तुरंत पुलिस को दें। जिससे समय पर प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

## भैसयारों में फरवरी से शुरु होगा आयुर्वेदिक अस्पताल भवन निर्माण

नई टिहरी(आरएनएस)। लंबे इंतजार के बाद नरेंद्रनगर ब्लॉक के भैसयारों में आयुर्वेदिक अस्पताल निर्माण की राह आसान हो गई।

कार्यदायी संस्था ने आगामी फरवरी से अस्पताल भवन निर्माण शुरू करने की तैयारी पूरी कर ली है। नया भवन बनने के बाद अस्पताल में कार्यरत डॉक्टरों और कर्मचारियों को पर्याप्त स्थान मिलेगा और क्षेत्र के लोगों को पंचकर्मा सेंटर की सुविधा भी मिलेगी।

भैसयारों में आयुर्वेदिक अस्पताल की स्वीकृति छह वर्ष पूर्व मिली थी लेकिन भवन के अभाव में अस्पताल को किराये के भवन में संचालित करना पड़ रहा था। वर्तमान में यह अस्पताल दो कमरों में संचालित हो रहा है। जहां चिकित्सकों, कर्मचारियों के लिए बैठने और उपचार की समुचित व्यवस्था नहीं है।

सीमित संसाधनों के कारण मरीजों को भी कई प्रकार की असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोग लंबे समय से भवन निर्माण की मांग कर रहे थे लेकिन भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण मामला अटका हुआ था। काफी प्रयासों के बाद गत वर्ष स्थानीय लोगों ने अस्पताल भवन निर्माण के लिए अपनी निजी भूमि दान कर समस्या का स्थायी समाधान निकाल दिया। इसके बाद जिला योजना से अस्पताल भवन निर्माण के लिए दो करोड़ 26 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। कार्यदायी संस्था पेयजल निर्माण निगम के परियोजना प्रबंधक सौरभ शर्मा ने बताया कि भैसयारों में आयुर्वेदिक अस्पताल भवन निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

आगामी फरवरी में विधिवत शिलान्यास कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। लक्ष्य है कि एक वर्ष के भीतर भवन निर्माण कार्य पूर्ण कर अस्पताल को नए भवन में शिफ्ट कर दिया जाए। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र ने बताया कि नए भवन के निर्माण के बाद अस्पताल में पंचकर्मा सेंटर की सुविधा शुरू की जाएगी। इससे भैसयारों सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आयुर्वेदिक उपचार के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

## सू- दोकू क्र.026

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.25 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## नवंबर-दिसंबर में पानी नहीं मिला तो बिल भी नहीं भरेंगे ग्रामीण

नई टिहरी(आरएनएस)। थौलधार ब्लॉक में ग्राम पंचायत कटखेत में नवंबर-दिसंबर में जलापूर्ति ठप रही। ऐसे में लोगों ने उक्त दो माह का जलकर नहीं देने का निर्णय लिया है।

ग्राम पंचायत की बैठक में पेयजल उपभोक्ताओं ने कहा कि टैंक फटने के कारण जल संस्थान दो माह तक जलापूर्ति नहीं करा पाया जिससे लोगों को कई परेशानियां झेलनी पड़ी। लोगों को जब पानी ही नहीं मिला तो बिल भी नहीं भरेंगे। कटखेत गांव का पेयजल सप्लाई टैंक क्षतिग्रस्त होने के कारण गांव की पेयजल आपूर्ति बाधित रही।

ग्रामीणों को पेयजल व्यवस्था के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ी। गांव के प्रधान राधाकृष्ण जोशी ने बताया कि क्षतिग्रस्त टैंक की मरम्मत के दौरान गांव में पेयजल की सप्लाई नवंबर और दिसंबर में पूरी तरह से ठप रही।

ग्रामीणों को पेयजल के लिए काफी जूझना पड़ा। जल संस्थान ने जो व्यवस्था बनाई थी ज्यादातर लोगों को उसका कोई फायदा नहीं मिला। प्रधान ने बताया कि पेयजल समस्या को लेकर गांव में हुई बैठक में निर्णय लिया गया है कि दो माह जब जलापूर्ति हुई ही नहीं तो वह उसका भुगतान भी नहीं करेंगे।

प्रधान ने जल संस्थान से कटखेत के ग्रामीणों का दो माह का बिल माफ करने की मांग की है। इस बाबत जल संस्थान के अवर अभियंता गिरीश सेमवाल ने कहा कि टैंक की मरम्मत के दौरान दो माह तक गांव के लिए बाईपास से लाइन जोड़कर नियमित आपूर्ति दी गई। अब सप्लाई टैंक की मरम्मत होने के बाद पूर्ववत लाइन चालू कर दी गई है। योजना को ग्राम पंचायत के हैंडओवर की जानी है लेकिन ग्रामीण इसके लिए तैयार नहीं है। पानी के बिल को ग्रामीणों को भरना ही पड़ेगा। बिल माफ करने का निर्णय शासन स्तर से ही लिया जा सकता है।



# अपनी मांगों को लेकर नर्सिंग एकता मंच का धरना 57वें दिन भी जारी

संवाददाता

देहरादून/कुमांऊ। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नर्सिंग एकता मंच का धरना 57वें दिन भी जारी रहा। कुमांऊ में नर्सिंग एकता मंच ने रैली निकाल कमिशन को ज्ञापन सौंपा।

आज यहां नर्सिंग भर्ती से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर नर्सिंग एकता मंच द्वारा देहरादून के एकता बिहार में जारी धरना 57वें दिन भी लगातार जारी रहा। इस आंदोलन में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से नर्सिंग बेरोजगार लगातार सहभागिता कर रहे हैं। नर्सिंग भर्ती को वर्षवार करवाने की प्रमुख मांग को लेकर आज हल्द्वानी में रैली का आयोजन किया गया। रैली में कुमाऊं मंडल सहित राज्य के तमाम जिलों से बड़ी संख्या में बेरोजगार नर्सिंग अभ्यर्थी शामिल हुए। रैली के माध्यम से आंदोलनकारियों ने सरकार का ध्यान अपनी लंबित मांगों की ओर आकर्षित किया। रैली के उपरांत नर्सिंग एकता मंच के प्रतिनिधिमंडल ने कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने कमिश्नर को अवगत कराया कि लंबे समय से नर्सिंग भर्ती प्रक्रिया रुकी हुई है, जिससे हजारों प्रशिक्षित नर्सिंग युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। मंच ने मांग की कि नर्सिंग भर्ती प्रक्रिया को वर्षवार लागू किया जाए, ताकि सभी वर्षों के अभ्यर्थियों को न्याय मिल सके। नर्सिंग एकता मंच के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार द्वारा शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। फिलहाल धरना शांतिपूर्ण तरीके से जारी है।

## 20 लीटर कच्ची शराब सहित एक दबोचा

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। कच्ची शराब तस्करी कर रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की गयी है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज थाना पथरी पुलिस द्वारा नशा तस्करी रोकने हेतू चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान पुलिस को एक संदिग्ध व्यक्ति जैरिकन लेकर आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो वह सकपका कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान उसके जैरिकन से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम संजय पुत्र बिजेन्द्र निवासी ग्राम भुवापुर थाना पथरी जिला हरिद्वार बताया। पुलिस ने उसे आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

## स्मैक सहित एक दबोचा

हमारे संवाददाता



नैनीताल। नशा तस्करी कर रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से 8.92 ग्राम स्मैक बरामद की गयी है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज थाना बनभूलपुरा पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कोई नशा तस्कर नशीले सामान की डिलीवरी हेतू आने वाला है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को रेलवे स्टेशन बनभूलपुरा के समीप एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो वह सकपका कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 8.92 ग्राम स्मैक बरामद हुई। थाने लाकर की गयी पूछताछ में उसने अपना नाम जावेद पुत्र मो. याकूब निवासी गफूर बस्ती हाल पता जवाहर नगर थाना बनभूलपुरा जनपद नैनीताल बताया। पुलिस ने उसे एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# गांधी पार्क एवं पार्किंग की समस्या को लेकर महापौर को ज्ञापन दिया

संवाददाता



देहरादून। विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने गांधी पार्क की समस्याओं को लेकर मेयर को ज्ञापन सौंपा।

आज गांधी पार्क आन्तरिक व्यवस्था तथा अन्य समस्याओं के सन्दर्भ महापौर नगरनिगम को आवश्यक कार्यवाही ह हेतु ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में पार्क के समुचित रखरखाव एवं उचित देखभाल की नितान्त आवश्यकता पर जोर दिया तथा कहा पिछले कुछ दिन पहले किसी नीजि कम्पनी द्वारा गांधी पार्क में फुटपाथ के इर्दगिर्द लगभग डेढ़ से भी अधिक लाईटें लगाई गई हैं जिन्हें लगाने में भारी लापरवाही के कारण बड़ी संख्या में लाईटे इधर उधर बिखरी एवं टूटि पड़ी हैं जिस कारण नगरनिगम को भारी आर्थिक क्षति पहुंची हैं, इसके साथ हि पार्क जगह कूड़ा कचडा तथा गन्दगी का ढेर लगा हुआ ज्ञापन में मेयर से समुचित कार्यवाही करने की मांग की। ज्ञापन में यह भी शिकायत कि गई कि गांधी पार्क असमाजिक तत्वों का अड्ढा बना हुआ जिनपर अंकुश लगाया जाना जरूरी है। ज्ञापन में मेयर से निवेदन किया गया कि हाल में नगरनिगम द्वारा गांधी पार्क के इर्दगिर्द निजी कम्पनी को पार्किंग ठेका पर दिया गया जिसकारण आमजन खासकर पार्क में आने वाले बच्चे, बुजुर्गो को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है जिसकारण पार्क आमजन का आना जाना काफी कम हो गया है। ज्ञापन में में उन्होंने कहा कि मुख्य द्वार के आस पास पार्किंग शुल्क न लिया जाये। गांधी पार्क के पास शुलभ शौचालय टॉयलेट के सामने वाली जगह पार्किंग शुल्क मुक्त कर दिया जाये। पार्किंग शुल्क से बचने के लिए। गांधी पार्क के पास इलेक्ट्रिक बस स्टैंड केध सामने निजी वाहन लगते हैं, जिसकारण उक्त बस स्टैण्ड पर सवारियां खड़ी नहीं होती। रायपुरओली खाला मे आये मालबे को साफ करने के संदर्भ मे ज्ञापन दिया जिसमे कहा गया की बरसात मे पानी घरों मे घुसे गा जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। मेयर जी ने प्रतिनिधि मण्डल से आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमण्डल में सीपीएम सचिव अनन्त आकाश, सीआईटीयू जिला महामंत्री लेखराज, आन्दोलनकारी परिषद के संरक्षक नवनीत गुसांई, सीआईटीयू उपाध्यक्ष भगवन्त पयाल, कोषाध्यक्ष रविंद्र नौडियाल, सचिव अभिषेक भण्डारी ,प्रवक्ता चिन्तन सकलानी, विकास रावत आदि शामिल थे।

# लघु व्यापार एसोसिएशन के शुभम अध्यक्ष व कुंदन महामंत्री मनोनीत

संवाददाता



हरिद्वार। लघु व्यापार एसोसिएशन का विस्तार करते हुए शुभम सैनी अध्यक्ष व महामंत्री कुंदन कश्यप को मनोनीत किया गया।

आज यहां रेड़ी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स लघु व्यापारियों के सामूहिक संगठन लघु व्यापार एसो .के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए पूर्ण हर की पौड़ी क्षेत्र के रेड़ी पटरी के लघु व्यापारियों को संगठित कर आम सभा के माध्यम से सर्व सहमति से अध्यक्ष शुभम सैनी महामंत्री कुंदन कश्यप कोषाध्यक्ष राजू जैन उपकोष अध्यक्ष शिवम कश्यप संरक्षक महेंद्र सैनी, शिव चौहान, सुबोध गुप्ता ,हरिकिशन ,नीरज कुमार, सुनील कश्यप ,पप्पू आदि पदाधि कारी चुने गए।

इस अवसर पर लघु व्यापार एसो. के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा रेड़ी पटरी के लघु व्यापारियों को संगठित कर उनके अधिकारियों के प्रति जागरूकता के इस अभियान को जारी रखेंगे उन्होंने कहा कि आगामी कुंभ मेला 27 में कुंभ मेला प्रशासन द्वारा सभी सार्वजनिक स्थल रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड ,हर की पौड़ी सभी पार्किंगों के नजदीक उत्तराखंड नगरी फेरी नीति नियमावली के नियम अनुसार नए सर्वे करा कर अलग से वेंडिंग जोन के रूप में कारोबारी स्थल बनाया जाना न्याय संगत होगा। हर की पौड़ी क्षेत्र के रेड़ी पटरी के लघु व्यापारियों की नई इकाई गठन चुनाव प्रक्रिया में भाग लेते लघु व्यापारियों में अनिल वर्मा, नीरज कुमार, किशन कुमार, नीरज, अशोक कुमार, अंकुर, नीतीश, किशन, रवि राम सिंह, विनय सार्थक, अजय, माया देवी, रोशनी, सुनीता चौहान आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# महात्मा गांधी के विचारों की हत्या करना चाहती है सरकारः जोशी

हमारे संवाददाता



देहरादून। ओल्ड नेहरू कालोनी में स्थित पार्क में महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने महात्मा गांधी के विचारों संस्मरण उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव महेश जोशी ने कहा कि महात्मा गांधी के विचार उनकी सोच आज भी प्रासंगिक है जिसे विश्व भर में माना जाता है। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने संपूर्ण विश्व में गांधी जी के सत्य, अहिंसा एवं मानवता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महात्मा गांधी को अपना आदर्श मानती है और उनके द्वारा दिए गए संदेशों को जन जन तक पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा ) लागू किया गया जिसके माध्यम से सौ दिन के रोजगार की गारंटी दी गई जिससे देश के करोड़ो ग्रामीणों को रोजगार मिला। कोरोना काल में घर वापसी आए आर्थिक तंगी से जूझ रहे लोगों को रोजगार का लाभ मिला। लेकिन केंद्र सरकार की बदनीयती से मनरेगा का नाम बदल कर इसको कमजोर करने की कोशिश की जा रही है जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। जिसके लिए ग्राम स्तर पर आंदोलन किए जा रहे हैं क्योंकि महात्मा गांधी कहते थे भारत की आत्मा गांवों में बसती है। ग्रामीण क्षेत्रों का आर्थिक विकास होने से ही देश उन्नति करेगा। इस अवसर पर भास्कर गैरोला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय गुप्ता वार्ड कांग्रेस अध्यक्ष राम सिंह बिष्ट, पुष्पा रतूड़ी, मधु, मनीष सेनन, राजेश शिवम आदि ने श्रद्धांजलि दी।

# आईएएस अधिकारी ने अनाथ बालिकाओं के साथ मनाया जन्मदिन

हमारे संवाददाता

देहरादून। जब प्रशासनिक पद, प्रोटोकॉल और औपचारिकता की दीवारें टूटती हैं, तब शासन का एक मानवीय चेहरा सामने आता है। ऐसा ही दृश्य एक बार फिर देहरादून के बनियावाला क्षेत्र में देखने को मिला, जहां अपर सचिव मुख्यमंत्री, उपाध्यक्ष मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) एवं महानिदेशक सूचना एवं लोकसम्पर्क विभाग आईएएस बंशीधर तिवारी ने अपना जन्मदिन किसी शान-शौकत या भव्य आयोजन के बजाय अनाथ और वंचित बालिकाओं के साथ सादगी एवं संवेदना के साथ मनाया। यह कोई एक दिन की औपचारिकता नहीं, बल्कि वर्षों से चली आ रही एक परंपरा है, जिसे वे हर साल चुपचाप सादगी के साथ निभाते हैं।



सहसपुर विधानसभा के विकासखंड बनियावाला क्षेत्र में स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास में आईएएस बंशीधर तिवारी ने अपने परिजनों के साथ इन बच्चों के बीच समय बिताया। बच्चों ने अतिथियों के स्वागत में गीत प्रस्तुत किए, जिनमें जीवन, उम्मीद और संघर्ष की सच्ची झलक दिखाई दी। गीतों के बीच तालियों और मुस्कान से भरा यह माहौल किसी सरकारी कार्यक्रम जैसा नहीं, बल्कि एक परिवारिक उत्सव जैसा प्रतीत हो रहा था। यह छात्रावास उन बालिकाओं का आश्रय है, जिन्होंने जीवन की शुरुआत ही कठिन परिस्थितियों से की है। इनमें कई बालिकाएं अनाथ हैं, कुछ के पास एकल अभिभावक हैं और कई ऐसी हैं जो भीख मांगने या कूड़ा बीनने जैसे हालातों से निकलकर यहां तक पहुंची हैं। ऐसे बच्चों के बीच किसी वरिष्ठ आईएएस अधिकारी का बार-बार पहुंचना उनके लिए सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह विश्वास दिलाने वाला संदेश है कि समाज और व्यवस्था उन्हें भूली नहीं है। वह हर कदम उनके साथ खड़ी है।

आईएएस बंशीधर तिवारी ने छात्रावास पहुंचकर न तो कोई औपचारिक भाषण दिया और न ही पद की दूरी बनाए रखी। वे बच्चों के साथ जमीन पर बैठे, उनके साथ केक काटा, उपहार वितरित किए और सहज संवाद किया। उन्होंने बच्चियों से उनकी पढ़ाई, रुचियों और भविष्य के सपनों के बारे में बातचीत की। यह संवाद औपचारिक सवाल- जवाब नहीं, बल्कि अपनत्व से भरी बातचीत थी।

इस अवसर पर परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। इसे केवल एक पर्यावरणीय गतिविधि नहीं, बल्कि भविष्य के प्रति एक प्रतीकात्मक संदेश के रूप में देखा गया। उन्होंने कहा कि जैसे एक पौधा समय के साथ बड़ा होकर छाया और फल देता है, वैसे ही यदि इन बालिकाओं को सही शिक्षा, मार्गदर्शन और स्नेह मिले, तो वे समाज को मजबूत दिशा देने वाली बन सकती हैं। इस दौरान मौजूद लोगों ने कहा कि आज के दौर में एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी का हर साल अपना जन्मदिन अनाथ बच्चों के साथ मनाना समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश है।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर स्कूटी सवार दो लोगों की मौत

संवाददाता




देहरादून। अज्ञात वाहन की चपेट में आकर स्कूटी सवार दो लोगों की मौत के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कालसी निवासी स्वराज तोमर ने चकराता थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका भाई राजेश तोमर अपने मित्र राजा के साथ स्कूटी से घर की तरफ आ रहे थे जब वह भूतियाा बैण्ड के पास पहुंचे तभी अज्ञात वाहन ने उनको अपनी चपेट में ले लिया जिससे दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गये। राहगीरों ने उनको अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जमीन के नाम पर ठगे पौने तीन लाख रूपये

संवाददाता

देहरादून। जमीन के नाम पर पौने तीन लाख रूपये की ठगी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नत्थूवाला निवासी शैलेन्द्र सिंह ने रानीपोखरी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पहचान एसपी सुन्दरियाल, माधव सुन्दरियाल, कृष्णा संदरियाल निवासी अनुराग चौक बसंत विहार से हुई। उक्त लोगों ने उसको रानीपोखरी में एक जमीन दिखायी जो उसको पसंद आ गयी और उसने बयाने के तौर पर उनको पौने तीन लाख रूपये दे दिये। जिसके बाद न तो उन्होंने जमीन की रजिस्ट्री करायी और न ही उसके रूपये वापस किये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# मानसिक अस्वस्थ महिला को किया बरामद

हमारे संवाददाता

अल्मोड़ा। मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मात्र कुछ घंटो में ही बरामद कर उसे परिजनों की सुपुर्दगी में दे दिया है। परिजनो द्वारा पुलिस की इस कार्यशैली का भूरी-भूरी प्रशंसा की गयी है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज कोतवाली द्वाराहाट क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति अर्जुन सिंह ने हेल्पलाइन नंबर डायल 112 द्वारा सूचना दी कि उनकी 23 वर्षीय मानसिक रुप से अस्वस्थ पुत्री घर से बिना बताये कहीं चली गयी है। जिस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली द्वाराहाट विनोद जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर संभावित स्थानों पर तलाश /सुरागरसी-पतारसी करते हुए मोहान चौक पोस्ट से गुमशुदा महिला को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। प्रभारी एसओजी सुनील धानिक के नेतृत्व में एसओजी टीम द्वारा गुमशुदा की तलाश में सहयोग किया गया। परिजनों ने अल्मोड़ा पुलिस टीम की त्वरित कार्यवाही के लिये आभार व्यक्त किया गया है।



# '90 दिन के लिए चलाया गया मीडियेशन फॉर द नेशन अभियान'

संवाददाता

देहरादून। सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देशन पर देशभर में मीडियेशन फॉर द नेशन अभियान चलाया जा रहा है।

आज यहां सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के दिशा-निर्देशन पर देशभर के समस्त न्यायालयों में लम्बित वादों का मीडियेशन/मध्यस्थता के माध्यम से पक्षकारों के मध्य सुलह-समझौते के आधार पर अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किये जाने हेतु देशभर में दिनांक 02 जनवरी 2026 से 90 दिनों के लिये राष्ट्रव्यापी अभियान मीडियेशन फॉर द नेशन अभियान चलाया जा रहा है।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून श्रीमती सीमा डुँगराकोटी द्वारा बताया गया कि उक्त अभियान के माध्यम से विवादों का त्वरित, सरल एवं सौहार्दपूर्ण समाधान उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। इससे विवादों का शीघ्र निस्तारण होता है। समय व खर्च की बचत होती है। गोपनीयता बनी रहती है, आपसी सम्बंधों में सौहार्द और विश्वास कायम रहता है तथा न्यायालयों पर मामलों का बोझ कम होता है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यह है कि लोग न्यायिक प्रक्रिया में समय, धन एवं मानसिक तनाव से बचते हुए आपसी सहमति से अपने विवादों का समाधान कर सकें। मध्यस्थता एक ऐसी प्रभावी प्रक्रिया है, जिसमें प्रशिक्षित मध्यस्थ की सहायता से पक्षकारों के बीच संवाद स्थापित कर विवाद का समाधान निकाला जाता है। यह अभियान विशेष रूप से पारिवारिक विवाद, वैवाहिक विवाद, सम्पत्ति सम्बंधी विवाद, किराया/मकानमालिक-किरायेदार विवाद, धन/लेन-देन से जुड़े विवाद, श्रम एवं अन्य नागरिक प्रकृति के मामलों में मध्यस्थता को प्रोत्साहित करता है। जनपद देहरादून के न्यायालयों जैसे, देहरादून, विकासनगर, ऋषिकेश, डोईवाला, चकराता एवं मसूरी का कोई भी वादकारी, जिसका उक्त न्यायालयों में वाद लम्बित हों, इस अभियान का लाभ प्राप्त कर सकता है। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून से सम्पर्क किया जा सकता है।

# पुलिस ने लापता व्यक्ति को किया सकुशल बरामद

संवाददाता

टिहरी। उपचार कराकर घर लौट रहे व्यक्ति को लापता होने पर पुलिस ने खोए व्यक्ति को तलाश कर परिजनों के सुपुर्द किया।

आज थाना देवप्रयाग पर एक महिला द्वारा सूचना दी गई कि उनके पति संजू पुत्र सते सिंह, निवासी ग्राम धरुण, थाना हिंडोलखाल, जनपद टिहरी गढ़वाल, देहरादून से उपचार कराकर घर लौटते समय लापता हो गए हैं। सूचना देने वाली महिला ने बताया कि उनके पति को आंखों से स्पष्ट दिखाई नहीं देता है तथा फोन पर उन्होंने बताया कि वे देवप्रयाग के किसी जंगल में फंसे हुए हैं, इसके बाद उनका मोबाइल फोन स्विच



ऑफ हो गया। सूचना मिलते ही थाना देवप्रयाग पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई, फुटेज के आधार पर संभावित लोकेशन चिन्हित की गई, रात्रि के समय भागीरथी पुल के आसपास जंगल में सघन सर्च अभियान चलाया गया। कांस्टेबल विवेक भट्ट एवं होमगार्ड संदीप बडोनी द्वारा अथक प्रयास करते हुए लापता व्यक्ति को भागीरथी पुल के नीचे जंगल से सकुशल बरामद किया गया। बरामद व्यक्ति आंखों से कम दिखाई देने के कारण फिसलकर पहाड़ी से नीचे गिर गए थे, समय रहते तलाश न होने पर कोई भी अप्रिय घटना घट सकती थी। व्यक्ति की तबीयत ठीक न होने के कारण उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवप्रयाग ले जाकर उपचार कराया गया एवं तत्पश्चात सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस सराहनीय कार्य हेतु परिजनों द्वारा थाना देवप्रयाग पुलिस का आभार व्यक्त किया गया तथा क्षेत्रवासियों द्वारा भी पुलिस टीम की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई।

# भूमि दिलाने के नाम पर ठगे 30 लाख रूपये

संवाददाता

देहरादून। भूमि दिलाने के नाम पर 30 लाख रूपये की धोखाधडी करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुराना डाकघर रोड विकासनगर निवासी नीरज जयसवाल ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पहचान गोकुल धाम सोसाइटी निवासी देवेन्द्र सिंह रावत से हुई। उसने उसको मेहूंवाला में एक जमीन दिखायी और उसको अपना बताया। जिसके बाद उसने बयाने के तौर पर उसको तीस लाख रूपये दे दिये। जिसके बाद आये दिन वह उसका रजिस्ट्री के लिये टालता रहा। उसके पैसे भी वापस नहीं किये।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*